पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुन्ना सिंह चौहान के निधन पर राज्यपाल दुःखी

लखनऊः 31 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने श्री मुन्ना सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में श्री मुन्ना सिंह चौहान को जझारू नेता बताते हुए कहा है कि किसानों की समस्या के प्रति वे सदैव सक्रिय थे। समय-समय पर किसानों की समस्याओं एवं प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए राजभवन आते रहते थे। उनके निधन से प्रदेश के राजनीतिक क्षेत्र में एक खालीपन आया है।

श्री नाईक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रेषित की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (269/39)